सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
तृतीय वर्ष साहित्य
हिंदी सामान्य – 3
वैकल्पिक पाठ्यक्रमः
प्रयोजनमूलक हिंदी
पाठ्यक्रम

(शैक्षिक वर्षः जून 2015 से)

उद्देश्य–

1. छात्रों को कार्यालयीन कार्यपद्धति की जानकारी देना ।
2. छात्रों को सरकारी पत्राचार के प्रकारों, स्वरूप, भाषा शैली आदि की जानकारी देना।
3. छात्रों को अनुवाद प्रक्रिया तथा कार्यालयीन अनुवाद से अवगत कराना।
4. छात्रों को क्षेत्र–कार्य प्रणाली से परिचित कराना।
5. छात्रों को प्रतिवेदन, संचार क्रांति एवं सूचना प्रौद्योगिकी, ई–कैश, साक्षात्कार के स्वरूप से परिचित कराना।
6. छात्रों को राजभाषा हिंदी का संवैधानिक प्रावधान, हिंदी प्रचार प्रसार कार्य से परिचित करना।
7. छात्रों को पारिभाषिक वाक्य एवं संक्षिप्तियों से अवगत कराना।

अध्यापन प्रणालियाँः

1. स्वाध्याय।
2. विवेचन, विश्लेषण, फलक तथा चार्टस्।
3. राजभाषा अधिकारियों के अतिथि व्याख्यान।
4. पूर्वानुमति से केंद्रीय तथा अन्य सरकारी कार्यालयों में जाकर प्रात्यक्षिकों, मॉडेलों की व्यावहारिक जानकारी देना।
5. प्रात्यक्षिक स्वाध्याय व परियोजना।
6. दृक–श्राव्य माध्यमों/संगणक तथा इंटरनेट आदि साधनों का प्रयोग।
7. शैक्षिक अध्ययन यात्रा का आयोजन।